दैनिक
मृदुल पत्रिका

डॉ किरणमयी को मिला डॉ स्वराज श्रीवास्तव मेमोरियल बेस्ट वूमेन रिसर्चर अवार्ड

सीरी में सीएसआईआर के 81वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। सीएसआईआर- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान में मंगलवार को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद का 81वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एएल शर्मा मुख्य अतिथि थे। सीएसआईआर-सीरी के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक केएसएन राव एवं डॉ आरएस शेखावत विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर संस्थान के वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मियों सहित स्थानीय शिक्षण संस्था बिरला शिशु विहार के प्रधानाचार्य पवन वशिष्ठ, सीरी विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या श्रीमती बी राशेल सहित पिलानी के गणमान्यजन उपस्थित थे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 का विमोचन भी किया गया।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर ए एल शर्मा ने सीरी सहित सीएसआईआर के सभी वर्तमान व पूर्व सहकर्मियों को बधाई दी। उन्होंने सीएसआईआर की विकास यात्रा में अपना योगदान देने वाले सभी पूर्व व वर्तमान साथियों को याद करते हुए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डॉ पीसी पंचारिया के कुशल नेतृत्व में संस्थान उन्नति के नए शिखर पर पहुंचेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि केएसएन राव एवं डॉ आर एस शेखावत ने संस्थान में बिताए संस्मरण साझा किए। उन्होंने सेवा सम्मान प्राप्त करने वाले सभी सहकर्मियों सहित पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों व अतिथियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ पीसी पंचारिया ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर परिषद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, प्रमुख शोध कार्यों का विवरण दिया।

कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, सिक्योरिटी ऑफिसर स्टाफ के साथ सीरी के निदेशक डॉ पीसी पंचारिया द्वारा लाइब्रेरी में मृदुल पत्रिका का अवलोकन भी किया।